

डाक घर
जनपद मुशारी
पत्र



बातचीत के लिए

1. अपनी बात दूसरों तक पहुँचाने के लिए, इस चित्र में कौन-कौन से तरीके इस्तेमाल किए जा रहे हैं?
2. क्या आप कभी डाकघर गए हैं? 3. आप डाकघर किन-किन कामों से जाते हैं? 4. खबरें किन-किन तरीकों से मिलती हैं? 5. मोबाइल फ़ोन का प्रयोग बातचीत के अलावा किन-किन कामों के लिए करते हैं?

2 बातचीत

हम सीखेंगे

इ	ई	ब	त	म	ख	ट	च

- 10 से 20 तक की संख्याएँ पहचानना, पढ़ना और लिखना
- 20 तक की संख्याओं का जोड़ और घटा करना

चित्र से अनुमान लगाकर पढ़िए—



अखबार



माइक




बातचीत



मोबाइल फ़ोन


© NCERT not to be republished



चिट्ठी



टेलीविज़न



एस.एम.एस.



टेलीफ़ोन



डाक-पेटी

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों से सभी चित्रों की पहचान करवाएँ। चित्रों के नीचे, उनसे संबंधित शब्द दिए गए हैं। चित्र के आधार पर शब्दों को अनुमान लगाकर पढ़वाएँ।

© NCERT not to be republished

चित्र से अनुमान लगाकर पढ़िए—

आपके घर और आपके आस-पास, इनमें से किनका इस्तेमाल होता है? सही का निशान (✓) लगाइए—





रेडियो

टेलीविज़न






डाक-पेटी

पेन

© NCERT not to be republished

पढ़िए और लिखिए—

इ



इमली



इकतारा

ई



ईख



ई-मेल

© NCERT not to be republished

ब



बस



बच्चे

बा




बादल



बाल

© NCERT not to be republished

बि



बिजली



बिल्ली

बी



बीज




बीन


© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश— चित्र देखकर शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें, उनसे अक्षर लिखवाएँ। दी गई जगह में चित्र का नाम लिखवाएँ।

त



तबला




तकिया

ता



तारा



ताला

© NCERT not to be republished

ति




तितली



तिजोरी

ती




तीली




तीर

© NCERT not to be republished

म






मछली

मगर

म






मालिश

मालगाड़ी

© NCERT not to be republished

मि



मिठाई




मिल

मि

मी



मील का पत्थर



मीटर टेप

मी

© NCERT not to be republished

ख




खपरैल



खतरा

खा



खाट



खाता

© NCERT not to be republished

खि



खिलौने



खिलाड़ी

खी




खीर



खील

© NCERT not to be republished

ट



टमटम



टनटन

टा




टाटा




टाई

© NCERT not to be republished

टि





टिड्डा

टिकिया

टी






टीला

टीका

© NCERT not to be republished

च



चरखा




चम्मच

च

चा



चाकू



चारपाई

चा

© NCERT not to be republished

चि



चिड़िया




चिट्ठी

चि

ची



चीनी



चील

ची

© NCERT not to be republished

स्कूल को चिट्ठी

04.02.2023

मैडम जी

नमस्कार,

हमारी लड़की बबली, आपके स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ती है। हम दो महीने के लिए गाँव चले गए थे। हम अब गाँव से वापस आ गए हैं, लेकिन बबली का नाम स्कूल से कट गया है। कृपया बबली को फिर से स्कूल में दाखिला दे दीजिए।

धन्यवाद!

आरती

बबली की माँ



© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश — ऊपर दी गई चिट्ठी सहभागियों को पढ़कर सुनाएँ। उनसे इस पर बातचीत करें कि कभी उन्हें पत्र लिखने की ज़रूरत पड़ी है। आगे दिए गए सवालों के नीचे अँगुली रखकर पढ़ें और सहभागियों से हाँ/नहीं पर (✓) का निशान लगाने के लिए कहें।

■ पढ़िए और बताइए—

प्रश्न 1. क्या आपको कभी चिट्ठी लिखने की ज़रूरत पड़ी है? हाँ ☐ नहीं ☐

प्रश्न 2. क्या आपके घर के आस-पास कोई डाक-पेटी या डाकघर है? हाँ ☐ नहीं ☐

प्रश्न 3. क्या आप कभी डाकघर गए हैं? हाँ ☐ नहीं ☐

प्रश्न 4. क्या डाकघर में आपका बचत खाता है? हाँ ☐ नहीं ☐

■ देखिए, पढ़िए और लिखिए—

इ से शुरू होने वाला शब्द पहचान कर लिखिए—

चटनी इमरती चटख तीस

ई से शुरू होने वाला शब्द पहचान कर लिखिए—

बाट टीन ईख नई

खा से शुरू होने वाला शब्द पहचान कर लिखिए—

खटाई खपत खाट पाचन

टा से शुरू होने वाला शब्द पहचान कर लिखिए—

चिमटा नटखट आटा टालना

मी से शुरू होने वाला शब्द पहचान कर लिखिए—

मामी तीखा मीठा तीखा

बि से शुरू होने वाला शब्द पहचान कर लिखिए—

बचत बिल बीच चटखनी

© NCERT not to be republished

खि से शुरू होने वाला शब्द पहचानकर लिखिए—

खीर सरपट खिलाड़ी खतरा

ची से शुरू होने वाला शब्द पहचानकर लिखिए—

चील चाची चना बरनी

मा से शुरू होने वाला शब्द पहचानकर लिखिए—

चमक माता बीमा चिमनी

पी से शुरू होने वाला शब्द पहचानकर लिखिए—

पीपनी पपीता पिता पाइप

मेरे शब्द—

© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश— शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। अलग-अलग आवाज़ों वाले शब्द लिखने के लिए कहें। ये आवाज़ें शब्द के शुरू में, बीच में या अंत में हो सकती हैं। सहभागियों से अक्षर पहचानने व उनसे जुड़े शब्दों को पहचान कर लिखने के लिए प्रेरित करें।

आइए, गिनती पहचानें—





इस नोट में 5 कितनी बार छपा है, निशान लगाइए और लिखिए—





इस नोट में 10 कितनी बार छपा है, निशान लगाइए और लिखिए—

आइए, मिलकर गिनें—




दस नल 10




ग्यारह पलंग 11

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों को प्रोत्साहित करें कि वे नोटों के आगे-पीछे वाले हिस्से पर लिखे अंकों को पहचानें और चित्र में दी गई वस्तुओं की संख्या को गिनें। चाहें तो आस-पास मौजूद चीज़ें भी गिन कर लिख सकते हैं।


© NCERT not to be republished




बारह पत्ते 12




तेरह अलमारी 13



चौदह पतंग 14



पंद्रह राखी 15




सोलह नारियल 16




सत्रह अनार 17


© NCERT not to be republished



अठारह मछली 18



उन्नीस मोती 19



बीस तीली 20

- **महिमा के परिवार में पाँच लोग हैं। आज उसके घर चार लोग और आ गए हैं। बताइए, महिमा के घर में अब कुल कितने लोग हैं?**


और

मिलाकर हुए


5 लोग और 4 लोग मिलाकर हुए 9 लोग

5 + 4 मिलाकर हुए 9


5 + 4 = 9

5 + 4 = 9


शिक्षक-निर्देश — सहभागियों को चित्रों की मदद से गिनने का अवसर दें, ताकि वे 10 से 20 तक के अंकों को पहचान सकें। गणित में '+' यह जमा का निशान है, '–' यह घटा का निशान है और '=' यह बराबर का निशान है।

© NCERT not to be republished

■ नौ कंप्यूटर में से दो कंप्यूटर खराब हो गए। बताइए, कितने कंप्यूटर चालू हालत में हैं?



कंप्यूटर में से



कंप्यूटर खराब हुए




चालू हालत में बचे कंप्यूटर

9	कंप्यूटर में से	2	कंप्यूटर खराब हुए	7	कंप्यूटर चालू हालत में बचे
9	–	2	बचे =	7	
9	–	2	=	7	

9 – 2 = 7

© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश— दैनिक जीवन में ऐसे अवसर आते हैं, जहाँ दो संख्याओं का जोड़ करना होता है। सहभागियों को प्रोत्साहित करें कि वे अलग-अलग संख्याओं को जोड़कर ऐसा कर पाएँ। छोटी (9 तक की) संख्याओं का प्रयोग कर घटा भी कर पाएँ।



- एक दुकानदार के पास एक कंपनी ने मोबाइल के 18 डिब्बे भेजे। दुकानदार ने उनमें से 6 डिब्बे दूसरे दुकानदार को भेज दिए। अब दुकानदार के पास कितने डिब्बे बचे हैं?

  उत्तर _____



- डाकिए ने पहले दिन 8 चिट्ठियाँ बाँटीं। दूसरे दिन उसने 3 चिट्ठियाँ बाँटीं। डाकिए ने कुल कितनी चिट्ठियाँ बाँटीं?

  उत्तर _____

- डाकिए के पास कुल 15 चिट्ठियाँ हैं। शाम तक उसने सभी चिट्ठियाँ बाँट दीं। अब डाकिए के पास कितनी चिट्ठियाँ बची हैं?


  उत्तर _____

- जावेद के पास 20 रुपये हैं। उसने 15 रुपये के फल खरीदे। अब वह कितने रुपये और खर्च करे कि उसके पास एक भी रुपया शेष ना बचे?

  उत्तर _____

© NCERT not to be republished

■ कैलकुलेटर पर लिखे अंकों को देखें। ऐसी दो संख्याओं को लिखें, जिनका जोड़ 10 आएगा। इसे कैलकुलेटर में करके जाँचिए।



जैसे—

पहले 1 बटन + फिर 9 बटन 10

पहले ____ बटन + फिर ____ बटन 10

पहले ____ बटन + फिर ____ बटन 10

पहले ____ बटन + फिर ____ बटन 10

■ मेरे शब्द—

शिक्षक-निर्देश— 'बातचीत' विषय पर सहभागियों से बातचीत कीजिए। सहभागियों से पूछकर इस विषय से जुड़े 3–4 शब्द लिखिए। ये शब्द उनकी अपनी भाषा के भी हो सकते हैं, जैसे— 'लाउडस्पीकर' के लिए 'चुंगा' आदि। मोबाइल फ़ोन, टेलीफ़ोन, पत्र आदि बातचीत के मुख्य साधन हैं, इस पर चर्चा करें।

© NCERT not to be republished

■ मिलकर पढ़िए—

यह 'अंधेर नगरी' नाटक का एक अंश है। यह नाटक भारतेंदु हरिश्चंद्र ने बहुत समय पहले लिखा था। उस समय चीज़ों का वज़न किलोग्राम या ग्राम में तोलने की बजाय सेर, पाव और छटाँक में तोला जाता था। उसी तरह खरीदने-बेचने के लिए भी पैसे की जगह टके का इस्तेमाल होता था।

अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी टके सेर खाजा



दुकानदार — आटा, दाल, नमक, घी, चीनी, मसाला और चावल लो, टके सेर।

(गोबर्धनदास बाज़ार में है। परचून की दुकान पर जाकर चीज़ों के दाम पूछता है।)

गोबर्धनदास — क्यों भाई, आटा कितने सेर?

दुकानदार — टके सेर।

गोबर्धनदास — और चावल?

दुकानदार — टके सेर।

© NCERT not to be republished



गोबर्धनदास — और चीनी?

दुकानदार — टके सेर।

गोबर्धनदास — और घी?

दुकानदार — टके सेर।

गोबर्धनदास — सब टके सेर। सचमुच!

दुकानदार — हाँ महाराज, क्या झूठ बोलूँगा!

(गोबर्धनदास सब्ज़ीवाली के पास जाकर)

गोबर्धनदास — क्यों माई, भाजी क्या भाव?

सब्ज़ी वाली — बाबा जी, टके सेर। निनुआ, मुरई, धनिया, मिरचा, साग, सब टके सेर।

गोबर्धनदास — सब भाजी टके सेर। वाह! वाह! बड़ा आनंद है। यहाँ सभी चीज़ टके सेर। (हलवाई के पास जाकर) क्यों भाई हलवाई, मिठाई कितने सेर?

© NCERT not to be republished

हलवाई — बाबा जी! लड्डुआ, जलेबी, गुलाब-जामुन, खाजा सब टके सेर।

गोबर्धनदास — वाह! वाह! बड़ा आनंद है! क्यों बच्चा, मुझसे मसखरी तो नहीं करता? सचमुच! सब टके सेर?

हलवाई — हाँ बाबा जी, सचमुच सब टके सेर। इस नगरी की चाल ही यही है। यहाँ सब चीज़ें टके सेर बिकती हैं।

गोबर्धनदास — क्यों बच्चा! इस नगरी का नाम क्या है?

हलवाई — अंधेर नगरी।

गोबर्धनदास — और राजा का क्या नाम है?

हलवाई — चौपट राजा।

गोबर्धनदास — वाह! वाह! अंधेर
नगरी चौपट
राजा, टके
सेर भाजी
टके सेर
खाजा।



– भारतेंदु हरिश्चंद्र

© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश — इस संवाद को पढ़कर सुनाएँ। शिक्षक और सहभागी मिलकर नाटक मंचन करें या बारी-बारी से अपना संवाद पढ़ें।